# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

दायर दिनांक 9/4/2026

प्रकरण संख्या – 94/2026

1. छीतरलाल पुत्र रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड़ तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0
2. अनोप पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. नन्दुबाई पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
4. सोहनीबाई पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

.........प्रार्थीगण

बनाम

किशनलाल पिता रामा जाति बन्जारा उम्र वयस्क निवासी रसदपुरा आरोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0

......विपक्षी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट**

दिनांक 4/5/2026

– : आदेश : –

प्रार्थना पत्र मै/ हम छीतरलाल पिता रामचन्द्रदास, अनोप, नन्दुबाई, सोहनीबाई पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापडबड़ , बिजौलिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0 जरिये अभिभाषक श्री जगदीश चन्द धाकड़ एवं शिवलाल धाकड़ एडवोकेट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते मौजा पापड़बड़ पटवार हल्का तिलस्वॉ तहसील बिजौलियॉ की सरहद में स्थित खाता संख्या 111 पर आराजी नम्बर 347/226 कुल किता 01 रकबा 0.3380 हैक्टेयर भुमि स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर लडाई झगडा करते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें। साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथ पत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073 से 2076 स्थायी के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथ पत्र संलग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरित प्रभाव नही पडता है। भु–अभिलेख निरीक्षक कांस्या को कमिश्नर नियुक्त किया गया व फीस नियमानुसार पत्थरगढी बेवक्त प्रार्थी अदा करेगा ।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट मौजा पापड़बड़ पटवार हल्का तिलस्वॉ तहसील बिजौलियॉ की सरहद में स्थित खाता संख्या 111 पर आराजी नम्बर 347/226 कुल किता 01 रकबा 0.3380 हैक्टेयर भुमि बिशामलाती पडोसीयान के पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/–रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।
आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

## उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

दा. दिनांक :- 9/4/2026
नि. दिनांक - 4/5/2026

प्रकरण संख्या – 74/2026

प्रेषिति :–

तहसीलदार बिजौलियां

विषय :– प्रकरण संख्या 74/2026 पत्थरगढी बाबत् ।

1. छीतरलाल पुत्र रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. अनोप पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. नन्दुबाई पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
4. सोहनीबाई पुत्री रामचन्द्रदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी पापड़बड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........प्रार्थीगण

बनाम

किशनलाल पिता रामा जाति बन्जारा उम्र वयस्क निवासी रसदपुरा आरोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0

......विपक्षी

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनुवान प्रकरण में आदेश होकर लेख है कि मौजा पांपड़बड़ पटवार हल्का तिलस्वॉ तहसील बिजौलियाँ, की सरहद में स्थित खाता संख्या 111 पर आराजी नम्बर 347/226 कुल किता 01 रकबा 0.3380 हैक्टेयर भुमि की बशामलाती पडौसीयान की पत्थरगढी की जावें मौके पर पत्थरगढी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढी कब्जा नही हटाया जावें। तथा सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। **भु–अभिलेख निरीक्षक कांस्या** को कमिश्नर नियुक्त किया गया व फीस नियमानुसार पत्थरगढ़ी बेवक्त प्रार्थी से अदा करेगा। पत्थरगढी करने के पुर्व में विपक्षीगणो एवं पडौसीयान को नोटिस देकर सुचित करते हुये पत्थरगढी करे।

पत्थरगढी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला–भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

छीतरलाल बनाम किशनलाल

किस्म मुकदमा / धारा— 111-128

प्रकरण संख्या 74 / 2026 जी.सी.एम.एस. नम्बर—

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 9/04/2026 | प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 15/4/2026 को वास्ते इन्तजार तामील / तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 15/4/26 | पत्रावली पेश हुई। पत्रावली वास्ते तामील / तलबी आगामी दिनांक 27/4/26 को पेश हो। | |
| 27/4/26 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक परिषद बिजौलियाँ द्वारा कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली दिनांक 4/5/26 को वास्ते इन्तजार तामील पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ | |
| 4/5/2026 | पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगणों की बाद तामील प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया। समस्त विपक्षीगणो को 3-बार आवाज लगाई गई परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। समस्त विपक्षीगणो के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला भी | |